पेज थ्री देहरादून

डोईवाला शुगर मिल में प्रदर्शन करते किसान।

देहरादून, शुक्रवार 29 नवंबर, 2019

पेज 8

# हमारा दून




## संक्षिप्त समाचार

### दून की सड़कों के चौड़ीकरण का काम शुरु

**संवाददाता** देहरादून। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत दून की सड़कों के चौड़ीकरण का काम बुधवार रात से शुरू हो गया है। यातायात व्यवस्था के संचालन को लेकर एसएसपी अरुण मोहन जोशी ने एसपी सिटी, एसपी ग्रामीण और एसपी ट्रैफिक सहित सभी क्षेत्र अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें एसएसपी ने सभी अधिकारियों को शहर के व्यस्त रास्तों, मुख्य चौराहों और अन्य संकरे स्थानों पर लगने वाली फड़ और ठेलियों को हटाने के साथ सड़क पर लेफ्ट टर्न को खाली रखने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी ने बताया कि मुख्य मार्गों पर दुकान के बाहर सड़क पर वाहनों को पार्क कर यातायात व्यवस्था को बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बैठक में अध्यक्ष पद के लिए चार ने जताई दावेदारी

**संवाददाता** देहरादून। हर्रावाला में भाजपा बालावाला मंडल के पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर गुरूवार को एक बैठक हुई। बैठक में रायशुमारी के बाद बालावाला मंडल में अध्यक्ष पद के लिए चार दावेदार सामने आए। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शूरवीर सिंह कठैत ने कहा कि डोईवाला विधानसभा क्षेत्र वर्तमान में प्रदेश की आदर्श विधानसभा होने के साथ–साथ मुख्यमंत्री की विस सीट भी है, जिसे देखते हुए यहां भाजपाइयों को सारी गुटबाजियों से ऊपर उठकर पार्टी के हित में काम करना चाहिए।

### दून में दिव्यांग मिनी मैराथन 1 दिसंबर को

**संवाददाता** देहरादून। नौटियाल कृत्रिम अंग कल्याण समिति द्वारा विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में 1 दिसंबर को दिव्यांगों द्वारा दिव्यांग जन प्रेरणा के तहत पर्यावरण संरक्षण एंव स्वच्छता के लिए देहरादून में दिव्यांग मिनी मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

# डोईवाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को किया जायेगा उच्चीकृतः सीएम

**घोषणा**

सीएम ने हंस फांउडेशन के कार्यक्रम के दौरान की डोईवाला क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं

एम्बुलेंस, स्कूल बस को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को डोईवाला में उत्तराखण्ड सरकार एवं हंस फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में डोईवाला क्षेत्र के विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन हेतु थालियों एवं गिलास का वितरण किया। हंस फाउण्डेशन के सहयोग से प्रदेश के 2197 विद्यालयों में 02 लाख विद्यार्थियों को थालियों एवं गिलास का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हंस फाउण्डेशन द्वारा मसूरी, ऊखीमठ और पिथौरागढ़ के लिए 03 एम्बुलेंस एवं पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विद्या मन्दिर स्कूल, नैनीताल को प्रदान की गई 01 स्कूल बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा भानियावाला में निर्मित सामुदायिक शौचालय कॉम्प्लेक्स का भी लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डोईवाला क्षेत्र के अन्तर्गत 03 विद्यालयों के लिए वर्चुअल रियलटी लैब को भी लांच किया।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि डोईवाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को उच्चीकृत किया जायेगा। डोईवाला नगर में सीवरलाईन बनाई जायेगी। रेशम माजरी में टेक्निकल इंस्टीट्यूट के लिए प्रशिक्षण संस्थान बनाया जायेगा। भोगपुर पेयजल योजना के तहत अल्ट्रा फिल्ट्रेशन टेक्नोलॉजी के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। डोईवाला, भानियावाला एवं दुर्गा चौक पर 03 वाटर एटीएम लगाये जायेंगे। डोईवाला में प्रेस क्लब के लिए विधायक निधि से प्रेस क्लब भवन बनाने की भी बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट अथॉरिटी का भानियावाला में लगभग 22 लाख रूपये की लागत से दो शौचालयों के निर्माण, एम्स ऋषिकेश में लैब के लिए 10 करोड़ रूपये एवं देहरादून में सेंट्रल लाईब्रेरी के लिए 7.5 करोड़ रूपये प्रदान करने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि हंस फाउण्डेशन के संस्थापक श्री भोले जी महाराज एवं मंगला माता जी ने उत्तराखण्ड में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में अहम योगदान दिया है। स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी हर सम्भव मदद का आश्वासन हंस फाउण्डेशन के द्वारा दिया गया। कम्यूनिटी किचन के लिए हंस फाउण्डेशन द्वारा पूरा सहयोग दिया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं समाज के विकास में हंस फाउण्डेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर हंस फाउण्डेशन के संस्थापक श्री भोले जी महाराज, सचिव शिक्षा श्री आर.मीनाक्षी सुन्दरम, जिलाधिकारी देहरादून श्री सी रविशंकर, हंस फाउण्डेशन के विशेष कार्यधिकारी एस.एम मेहता, आदि उपस्थित थे।



सीएम त्रिवेंद्र कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए।

### फाउण्डेशन ने शिक्षा के क्षेत्र में भरपूर सहयोग दिया

**संवाददाता** देहरादून। शिक्षा मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने कहा कि हंस फाउण्डेशन ने शिक्षा के क्षेत्र में राज्य को भरपूर सहयोग दिया है। 07 कम्यूनिटी किचन बनाने के लिए हंस फाउण्डेशन ने सहमति दी है। अगले वर्ष मार्च–अप्रेल तक 02 कम्यूनिटी किचन प्रारम्भ हो जायेंगे। प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। 500 विद्यालयों में वर्चुअल क्लास के माध्यम से पढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में सभी को एक जैसी शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए एनसीईआरटी का सिलेबस लागू किया गया है।

**शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हंस फाउण्डेशन का विशेष ध्यानः माता मंगला**

हंस फाउण्डेशन की अध्यक्ष माता मंगला ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हंस फाउण्डेशन का विशेष ध्यान है। बच्चों के लिए भोजन एवं स्वच्छता पर ध्यान दिये जाने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से बच्चों को भोजन पात्र उपलब्ध कराये जा रहे हैं। बच्चों को पौष्टिक आहार एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है। हंस फाउण्डेशन का प्रयास बच्चों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए हर सम्भव मदद करना है।

### सीएम ने चंद्रा पंत को विजयी होने पर बधाई दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पिथौरागढ़ विधान सभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चन्द्रा पंत के विजयी होने पर बधाई दी है। उन्होंने चन्द्रा पंत को उपचुनाव में दिये गये सहयोग एवं आशीर्वाद के लिए पिथौरागढ़ की जनता का भी आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि पिथौरागढ़ की सीट पहले भी भाजपा के पास थी दुर्भाग्यवश स्व. प्रकाश पंत की आसामायिक मृत्यु के पश्चात् हुए उपचुनाव में भी अपेक्षित चुनाव परिणाम आया है। उपचुनाव में चन्द्रा पंत को पिथौरागढ़ की जनता ने अधिक मार्जिन से जीत दिलाई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के परिणामों से जनता की और बेहतर सेवा करने का अवसर मिलता है।

# सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले ब्लॉक पुरस्कृत

**युवा महोत्सव**

■ जनपद स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन

देहरादून। **संवाददाता**

युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग दून के तत्वाधान में आज जनपद स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन आईआरडीटी ऑडिटोरियम सर्वे चौक देहरादून में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद्र अग्रवाल द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में पुरस्कार का वितरण विधायक राजपुर क्षेत्र खजानदास द्वारा किया गया। विस अध्यक्ष ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन को युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और उसकी उपयोगिता एवं उद्देश्य से कार्यक्रम में उपस्थित समस्तजनों एवं कलाकारों को अवगत कराया। उन्होंने युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग को प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने के उद्देश्य से करवाए जा रहे युवा महोत्सव के आयोजन पर बधाई देते हुए विकासखंडों से चयनित प्रतिभागियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन भी किया।

विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रति विकासखंड 10000 की धनराशि विधानसभा कोष से दिए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरुआत लोक नृत्य विधा से हुई, जिसमें विकासखंड रायपुर की टीम 120 अंकों में से 108 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही, विकासनगर की टीम 94 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा डोईवाला की टीम 85 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही।



दीप प्रज्वलित कर युवा महोत्सव का उद्घाटन करते विधानसभा स्पीकर।






### डोईवाला मिल में किसानों ने किया मंत्री के सामने प्रदर्शन

**संवाददाता** ऋषिकेश। एक ओर आज से डोईवाला शुगर मिल में गन्ना पेराई सत्र शुरू हो गया तो वहीं दूसरी ओर सैकड़ों कर्मचारी और किसान अपनी सैलरी और गन्ना भुगतान की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। वहीं गुरुवार को गन्ना पेराई सत्र के उद्घाटन के लिए मंत्री यशपाल आर्य शुगर मिल पहुंचे। जहां कर्मचारियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका विरोध किया और मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की.कर्मचारियों का कहना है कि जब तक लिखित में उनकी सैलरी और एरियर भुगतान की मांग पूरी नहीं हो जाती है, वे धरना स्थल से नहीं हटेंगे और उनका कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। वहीं किसानों का कहना है कि जब तक उनको बकाया 10 करोड़ रुपया नहीं मिल जाता वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। वहीं प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### करमवीर चक्र से सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। ह्यूमन्स फॉर ह्यूमानिटी और दून लिटरेचर फेस्टिवल के संस्थापक अनुराग चौहान को आज दिल्ली में प्रतिष्ठित करमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।